उद्यमी मित्र सरकार व निवेशकों के बीच मजबूत कड़ी : मुख्य सचिव

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने उद्यमी मित्रों को सरकार और निवेशकों के बीच की मजबूत कड़ी बताते हुए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की नसीहत दी है। सोमवार को पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त उद्यमी मित्रों के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर का आकार देने का लक्ष्य रखा है। उद्यमी मित्रों का प्रशिक्षण 11 से 23 नवंबर तक चलेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में उत्तर प्रदेश का 9.2 प्रतिशत का योगदान है। फसल उत्पादन और कृषि निर्यात में भी यूपी देश का अग्रणी राज्य है। इस मौके पर उन्होंने बागपत में दुनिया की सबसे बड़ी बेकरी कंपनी ग्रुपो बिम्बो की जानकारी भी साझा की। कहा, यह निवेश प्रदेश के बदले हुए कारोबारी माहौल में वैश्विक निवेशकों के विश्वास का प्रमाण है। प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने उद्यमी मित्रों को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लिए एकजुट होकर काम करने की नसीहत दी।